तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन जिले में 4909 मतदाताओं की बढ़ोतरी



14 घोठा में एक परिवार की हुई घर-वापसी, जनजागरण अभियान का मिला लाभ






## खबर संक्षेप

### जवान नागरिकों की मदद व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



**अंतागढ़।** विकासखंड मुख्यालय वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत संतोष कुमार गावड़े की बहू की डिलीवरी के दौरान अचानक रक्त की अत्यधिक कमी हो जाने से उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी। गंभीर परिस्थिति को देखते हुए संतोष कुमार गावड़े स्वयं वाहिनी के मुख्य द्वार पर उपस्थित होकर पूरी घटना से अवगत कराया तथा तत्काल सहायता की गुहार लगाई। जवानों ने 04 यूनिट रक्त की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका। वाहिनी की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप माँ एवं नवजात शिशु दोनों सुरक्षित हैं।

### दुर्घटना में अधेड़ की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कोड़ेजुंगा रोड के पास 19 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में धमतरी जिला के बेलगांव निवासी 45 वर्षीय गोविंद राम नेताम पिता छोटूराम नेताम का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए 18 वर्षीय रूची गढ़पाले पिता अभिताभ गढ़पाले का मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने फांसी लगा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी 19 फरवरी को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### जिम के बाहर छात्र से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र में जिम के बाहर एक कॉलेज छात्र के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे छोटेकापसी निवासी 18 वर्षीय अदित्य देवनाथ पिता अनांद देवनाथ ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में कलिंगा युनिवर्सिटी रायपुर में पढ़ाई कर रहा हूं। कालेज की छुट्टी होने से घर कापसी आया हूं। पखांजुर के जीम में कसरत के लिए आता हूं। रोज कि तरह 20 फरवरी को कसरत करने जीम में आया था। शाम करीबन 5 बजें जीम के बाहर ग्राम बड़े कापसी निवासी राज मंडल के द्वारा मेरे कद को लेकर चिढ़ाने पर मैं उसे जवाब दिया कि ऐसे किसी को नहीं चिढ़ाना चाहिए। इसी बात को लेकर राज मंडल मुझे गाली देने लगा। गाली देने मना किया तो राज मंडल ने मुझे जान से मारने की धमकी दिया। हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट कर गला को पकड़कर मरोड़ दिया, जिससे मेरे दाहिने गाल, होंठ व गला में चोटआया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राज मंडल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अनहोनी : जवान की पत्नी, पिता व भाई हैं परेशान, थाना में लगाई गुहार

# दीपावली के बाद झांसी के लिए निकला सेना का जवान रहस्यमय ढंग से लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

कांकेर जिले के चारामा विकासखंड से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां ग्राम चिनौरी निवासी भारतीय सेना का जवान तोषण दर्रो बीते कई दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। 13 वर्षों से देश की सेवा कर रहे तोषण दर्रो असम में पदस्थ थे और दीपावली के अवसर पर अवकाश लेकर अपने गांव आए थे। छुट्टी के बाद उनका स्थानांतरण असम से झांसी किया गया था।

- एसएचओ ने परिजनों से कहा कि ढूढ़कर लाए, यूनिट नहीं पहुँचा

परिजनों के अनुसार निर्धारित समय पर झांसी नहीं पहुंच पाने के कारण यूनिट अधिकारियों ने जवान को बेंगलुरु स्थित मुख्यालय जाकर उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। निर्देशानुसार तोषण बेंगलुरु गए, वहां से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वापिस अपने गांव चिनौरी लौट आए। इसके बाद 6 फरवरी को परिजनों ने उन्हें चारामा से झांसी जाने वाली बस में बैठाया। जवान के भाई ने बताया कि 11 फरवरी को दोपहर करीब डेढ़ बजे तोषण ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर फोन कर बताया कि वह सुरक्षित झांसी पहुंच गया है और शाम को यूनिट में ज्वाइनिंग करेगा। इस सूचना के बाद परिवार को राहत मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर टिक नहीं पाई। उसी रात पत्नी ने जब दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल बंद मिला। इसके बाद लगातार कॉल किए गए, लेकिन फोन बंद ही आता रहा।

चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर सेना के यूनिट अधिकारियों से संपर्क किया। वहां से जो जानकारी मिली, उसने परिवार की बेचैनी और बढ़ा दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तोषण ने अब तक यूनिट में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है और परिजनों से कहा गया कि यदि जवान मिले तो उसे यूनिट भेजा जाए। इसके बाद से तोषण का कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों का कहना है कि तोषण की मानसिक और शारीरिक स्थिति पूरी तरह सामान्य थी और उसने 13 वर्षों की सेवा में देश के कई राज्यों में अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाई हैं। ऐसे में उसका इस तरह अचानक लापता होना परिवार के लिए गहरी चिंता का विषय बना हुआ है।



### मासूम बच्चा बात करने की करता है जिद

जवान की गुमशुदगी की सूचना देने चारामा थाना पहुँची उसकी पत्नी के साथ उनका मासूम बच्चा भी मौजूद था। बच्चे की मासूम आँखें हर पल अपने पापा को तलाशती नजर आती हैं। जवान की पत्नी ने भारी भावुकता के साथ बताया कि बच्चा बार-बार अपने पापा से बात करने की जिद करता है और मोबाइल हाथ में लेकर पूछता है कि पापा कब फोन करेंगे? ऐसे में उनके पास कोई जवाब नहीं होता। हर सवाल पर चुप्पी साध लेना ही उनकी मजबूरी बन गई है। माँ-बेटे की यह पीड़ा देख लोगों की आँखें भी नम हो गईं।

### चारामा थाना में दर्ज हुआ गुम इंसान

परिजनों ने बताया कि लगातार प्रयासों के बावजूद कोई जानकारी न मिलने पर परिजन 21 फरवरी को दोपहर चारामा थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जवान की पतासाजी शुरू कर दी गई है। परिजनों को उम्मीद है कि प्रशासनिक प्रयासों से जल्द जवान का पता चलेगा और परिवार की यह अनिश्चितता समाप्त होगी।

## स्कूली बच्चों की शरारत से कार में हुआ धमाका व जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला मुख्यालय कांकेर के उदय नगर वार्ड में शुक्रवार 21 फरवरी की दोपहर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब सड़क किनारे खड़ी एक पुरानी कार के अंदर जलता हुआ पटाखा फेंकने से जोरदार धमाका हो गया। धमाके के बाद कार में आग लग गई और देखते ही देखते वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सीसीटीव्ही फुटेज के अनुसार यह घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे है, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया। घटना के उपरांत पुलिस ने चारों बच्चों को खोज निकाला और उनकी पहचान सेंट माईकल में पढ़ने वाले नौवी कक्षा के छात्र है।

- सेंट माइकल स्कूल के छात्र ने फटाका जलाकर कार में फेंका और हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय सड़क पर सामान्य आवाजाही चल रही थी। अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी और कार से आग की लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक मदद पहुंचती, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। सौभाग्य से इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन यदि उस समय कार के आसपास लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गए। फुटेज में जो दृश्य सामने आए, वे और भी चौंकाने वाले थे। कैमरे में साफ दिखाई दिया कि चार स्कूली बच्चे दो एक्टिवा पर सवार होकर मौके पर आते हैं। पहले वे कार के पास एक लड़का एक पटाखा फोड़ता हैं और इसके बाद दूसरा पटाखा जलाकर कार के अंदर फेंक देते हैं। कुछ ही पलों में कार के अंदर जोरदार ब्लास्ट होता है और आग भड़क उठती है।

### कड़ी कार्रवाई की उठी माँग

स्थानीय लोगों का कहना है कि पटाखों के साथ इस तरह की शरारत न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और बच्चों को भी इस तरह की खतरनाक हरकतों के परिणामों के बारे में समझाया जाए।

## जात्रा के दौरान बाइक चोरी पर संदेही युवक के खिलाफ मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारदा में आयोजित पारंपरिक बुढ़ादेव जात्रा कार्यक्रम के दौरान खुले स्थान से खड़ी एक मोटर सायकल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए संदेह के आधार पर एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।



जानकारी के अनुसार ग्राम बारदा निवासी 32 वर्षीय हेमलाल कश्यप ने थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैं खेती-किसानी का कार्य करता हूँ। मै 3 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 6992 से गांव में आयोजित बुढ़ादेव जात्रा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। मैने अपनी मोटर सायकल को ग्राम के ही निवासी श्यामसिंह कवाची के घर के पीछे आम के पेड़ के नीचे खड़ा किया था। वाहन को सुरक्षित रखने के लिए हैंडल लॉक कर दिया गया था और चाबी उसके पास ही थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे मोटर सायकल के पास पहुँचा, वहाँ से मोटर सायकल गायब थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैंडल लॉक तोड़कर करीब 40 हजार रुपये कीमत की मोटर सायकल चोरी हो गई। मैने गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका।

शिकायतकर्ता ने अंतागढ़ पलिस को बताया कि मुझे पता चला है कि मेरी मोटर सायकल को अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम करेंगांव निवासी सूर्यकांत नायक पर चोरी करने का संदेह है। पीड़ित के आवेदन पर थाना पखांजुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी दो पकड़ाए, आबकारी केस दर्ज

**कांकेर।** शहर में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई।



थाना कांकेर पुलिस को 20 फरवरी की रात को जानकारी मिला कि बरदेभाठा मैदान क्षेत्र में दो व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन कर रहे हैं। जानकारी की तस्दीक के लिए सहायक उपनिरीक्षक तेजेश्वर कश्यप हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक फलेश्वर कुदराम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बरदेभाठा मैदान क्षेत्र में दबिश दी, जहां दो व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब सेवन करते पाए गए। मौके से आरोपी शांति नगर कांकेर निवासी 39 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार मिलोटकर तथा सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई निवासी 45 वर्षीय दिलेश कुमार सेन को पकड़ा गया। आरोपियों ने शराब का पौवा और डिस्पोजेबल गिलास नाली में फेंक दिया।

दोना आरोपियों के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें मौके पर गिरफ्तार किया गया। मामला जमानती होने से दोनों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

## 90 शीशी कफ सिरप जब्त, युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे और सप्लायर की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई योजनाबद्ध कार्रवाई में पुलिस ने एक युवक को रंगेहाथ गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीला कफ सिरप, मोटरसाइकिल, नकदी और मोबाइल फोन जप्त किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसके अलावा दवाई सप्लाई करने वाले की पुलिस पतासाजी में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार 19 फरवरी की सुबह करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 14 रविन्द्रपल्ली स्थित एक निर्माणाधीन मकान के सामने मैदान में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर नशीली दवाएं लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक अनिल पालेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और दोपहर लगभग एक बजे घेराबंदी कर सिल्वर-काले रंग की मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पीव्ही 15 श्यामनगर निवासी 29 वर्षीय मुकेश सरदार बताया।




### 57 हजार की सामग्री जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 15,706 रुपये मूल्य का नशीला कफ सिरप, 30 हजार की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीपी 4603, 3,300 रुपये नकद तथा 8,000 रुपये का मोबाइल फोन, इस तरह कुल 57,006 रुपये की सामग्री जप्त की है।

**जब्त सिरप की मात्रा 9 लीटर :** तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की पेट्रोल टंकी पर रखे प्रिंटदार थैले से कोडीन फॉस्फेट एवं ट्राइप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड युक्त नशीला कफ सिरप बरामद हुआ। थैले में कुल 90 शीशियां (प्रत्येक 100 एमएल) पाई गईं, जिनकी कुल मात्रा लगभग 9 लीटर है। कुछ शीशियों के लेबल क्षतिग्रस्त थे, जबकि शेष पर बैच नंबर, निर्माण तिथि सहित अन्य विवरण अंकित मिले। सभी शीशियों को मौके पर ही सीलबंद कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया।

## सिटीजन सर्विस बहाल होने से अब आमजनता को मिलेगा लाभ

# खबर प्रकाशित होते ही पुलिस हुई सक्रिय छग पुलिस का सिटीजन सेंटर हुआ बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ पुलिस की सिटीजन सर्विस का वेब पेज पिछले एक सप्ताह से बंद था। हरिभूमि कांकेर से इस संबंध में समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से 20 फरवरी को करते हुए सोशल मीडिया में वायरल किया था, जिसके बाद आधिकारिक वेबसाइट पर सिटिजन सर्विस का पोर्टल की सर्विस अगने दिन यानी 21 फरवरी से चालू हो गई। तकनीकी खराबी के कारण प्रदेश भर के हजारों नागरिक परेशान हो रहे थे, हरिभूमि के संज्ञान लाते ही सुधार हो गया।

में छत्तीसगढ़ पुलिस की ऑनलाइन नागरिक सेवाओं से जुड़ा पोर्टल पिछले एक सप्ताह से बंद रहने के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के चलते विभिन्न थाना में दर्ज हुए शिकायत देखने व अन्य आवश्यक ऑनलाइन सेवाएं ठप रहीं, जिससे हजारों नागरिकों के काम प्रभावित हुए। स्थानीय स्तर पर समस्या लंबे समय तक बनी रहने के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई स्पष्ट सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था जारी नहीं की गई थी। नागरिकों को थानों के चक्कर लगाने पड़े और कई आवश्यक प्रक्रियाएं लंबित रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेष रूप से अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा, क्योंकि वे ऑनलाइन सुविधा पर ही निर्भर थे। इस मामले को हरिभूमि के द्वारा 20 फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशन किया गया, जिसके बाद विभाग हरकत में आया। खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन सिटीजन सर्विस पोर्टल की सेवाएं फिर से शुरू कर दी गईं। पोर्टल के चालू होने के बाद लंबित आवेदनों की प्रक्रिया भी दोबारा शुरू हो गई है।




### बैकअप सिस्टम बनाने की माँग की

विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवा के लंबे समय तक बंद रहने से सिस्टम की तकनीकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े होते हैं। नागरिकों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए बैकअप सिस्टम और त्वरित सूचना व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। फिलहाल पोर्टल की सेवाएं बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

## 10वीं बोर्ड का हिंदी पेपर रहा आसान, छात्रों के खिले चेहरे



**बासनवाही।** शासकीय उमावि बासनवाही में माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा का प्रथम प्रश्नपत्र हिंदी विषय का शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ। परीक्षा समाप्त होते ही विद्यालय परिसर में छात्रों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। परीक्षा हॉल से बाहर निकलते ही विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों व पालकों को बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल और पाठ्यक्रम आधारित था। अधिकांश प्रश्न सीधे किताब से पूछे गए थे।

छात्रों का कहना था कि व्याकरण, अपठित गद्यांश तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न संतुलित और समझने में आसान थे। हिंदी का पेपर अच्छा होने से छात्रों में आगामी परीक्षाओं को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा है।

**खबर संक्षेप**

### जहर खाने से मौत कारण है अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बेलगाल निवासी 32 वर्षीय गजानंद पवार पिता जगतराम पवार ने 19 को जहर खा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। पीएचसी बांदे से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**फरसगांव।** भाजपा जिला कोंडागांव नेतृत्व के द्वारा मंडल स्तरों के मोर्चा के अध्यक्षों के नाम की घोषणा की गई है। इसी तारतम्य में मंडल फरसगांव के लिए भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष का दायित्व देवेंद्र निषाद को दी गई है। इस अवसर पर मंडल फरसगांव में निवासरत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड फरसगांव में आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांट कर जश्न मनाए। इस अवसर पर प्रवीर बदेशा ने सभी को मिल कर पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर प्रवीर बदेशा, प्रशांत पात्र, तरुण साना, प्रवीण राव, नरेंद्र गौर, राजकुमारी नेताम, हितेश साहू, देवेंद्र निषाद, जागेश निषाद, जंगबहादुर, कपूरचंद, जसवंत, दिनेश नेताम, योगेंद्र नेताम, दीपक जायसवाल, राकेश यादव, आदि उपस्थित थे।

### आम के पेड़ों पर बौर खिलते ही ग्रामीण अंचलों में छाई खुशहाली



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में इन दिनों फलों के राजा आम के पेड़ों पर बौर फूल खिलने लगे हैं। बसंत ऋतु के आगमन के साथ आम के पेड़ों पर छाए पीले–सुनहरे फूलों ने गांवों का नजारा ही बदल दिया है। हरवेल, बालेंगा, पातरीपारा, पीढ़ापाल, कुल्दाडिही, तराईबेड़ा, किबड़ा, पिटिसपाल, गम्हरी, तितरवंड, बड़बत्तर, डिहीपारा, राहटीपारा, केरागांव और धामनपुरी सहित अनेक गांवों में आम के पेड़ों पर भरपूर बौर देखने को मिल रहा है। घर–आंगन से लेकर खेतों और बागानों तक आम के पेड़ इस समय बेहद मनमोहक दिखाई दे रहे हैं।हरवेल निवासी सहादेव नेताम ने बताया कि जैसे ही बसंत का मौसम शुरू हुआ, आम के पेड़ों पर बौर खिलने लगे हैं। इस बार आम की अच्छी फसल होने की पूरी संभावना है। साथ ही इन दिनों पलाश के लाल फूल भी अंचल की सुंदरता को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा और समय पर हल्की बारिश हुई, तो बौर से फल बनने की प्रक्रिया मजबूत होगी। इससे आम की गुणवत्ता अच्छी रहेगी और आने वाले महीनों में बाजार में बेहतर दाम मिलने की भी संभावना है। आम के पेड़ों पर भरपूर बौर आने से स्थानीय किसानों और बागवानों को इस वर्ष अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

## सीएम के जन्मदिन पर महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के अंतर्गत 21 फरवरी को ग्राम मालापारा मंडल भानुप्रतापपूर में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, स्व-सहायता समूह,तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ चौपाल एवं छोटी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों से संवाद कर सुशासन की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को साड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री जी का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे भानुप्रतापपूर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष डिगेश खापरडे, मंडल के महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नारेटी, धर्मेंद्र रावटे, मनोज रावटे डिकेश साहू , हिमांशु ठाकुर, कौशल कुमार रामटेके व अन्य उपस्थित रहें।

## सीएम का जन्मदिन छात्रों ने केक काटकर मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के अवसर पर भानुप्रतापपुर विकास खंड अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल भानुप्रतापपुर में सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को केक, खीर एवं नेवाता भोज करवाया गया।



कार्यक्रम के दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने विद्यार्थियों से कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक संवेदनशील एवं जनहितैषी मुख्यमंत्री हैं, जो प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा, ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य पीआर भारद्वाज, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री शैलेन्द्र पुनिया, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संतोष बाजपेयी, पूर्व उप सरपंच कच्चे योगेन्द्र कुमार यादव, सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में 05 लाख 40 हजार 273 मतदाता

# मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन जिले में 4909 मतदाताओं की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कांकेर जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया गया। राज्य भर में 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए और चार महीने तक लगातार चले एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान के विभिन्न चरणों के प्रभावी संचालन के बाद आज शनिवार को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार कांकेर जिले की कुल मतदाता 05 लाख 40 हजार 273 हो गई है। एसआईआर पश्चात 04 हजार 909 मतदाताओं की वृद्धि हुई हैं। मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने या मतदाता सूची से अपना नाम हटवाने से संबंधित दावे और आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी .2026 के बीच प्रस्तुत किए गए थे। प्राप्त दावे, आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया गया।

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां वितरित



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनधिनियों की आज बैठक लेकर विधानसभावार अंतिम मतदाता सूची के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 68 हजार 225 मतदाता, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र 01 लाख 96 हजार 151 मतदाता और कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 75 हजार 897 मतदाता हैं, इस प्रकार जिले के कुल मतदाता 05 लाख 40 हजार 273 है। एसआईआर के दौरान अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2808 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए तथा 1506 मदताओं के नाम काटे गए। इस प्रकार इस विधानसभा क्षेत्र में 1302 मतदाताओं की वृद्धि हुई, वही भानुप्रतापुर विधानसभा क्षेत्र में 2224 मतदाताओं के नाम जोड़े गए और 488 मतदाताओं के नाम काटे गए, इस प्रकार कुल 1736 मदताओं की वृद्धि हुई। कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 2048 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से जोड़े गए और 177 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में काटे गए। इस प्रकार 1871 मतदाताओं की वृद्धि हुई। इस प्रकार कांकेर जिले में 7080 मतदाताओं के नाम जोड़े तथा 2171 के नाम काटे गए। इस प्रकार जिले में कुल 4909 मतदाताओं की वृद्धि हुई। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कलेक्टर द्वारा मतदाता सूची के प्रतियां भी प्रदाय की गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 भरकर उसके साथ घोषणा पत्र और आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए उन्होंने यह भी बताया कि 01 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या-6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। जिले के नागरिक समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार प्रपत्र 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने बताया कि एसआईआर के दौरान आगामी अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 के संदर्भ में भावी मतदाताओं से आवेदन प्रपत्र-6 में प्राप्त किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को सफल बनाने में सहयोग के लिए जिले के सभी नागरिकों और राजनीति दलों के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही निर्वाचन प्रणाली के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों को बधाई दी है। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यासिन करानी एवं उदय प्रकाश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से प्रदीप जायसवाल, बहुजन समाज पार्टी से अमोल बेदरकर एवं तिलक मरकाम तथा आम आदमी पार्टी से अर्जुन सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुर्रे तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## भानुप्रतापपुर का तीन दिनी ऐतिहासिक देव मेले का शुभारंभ आज, तैयारी पूरी

**भानुप्रतापपुर।** नगर का तीन दिवसीय भव्य एवं ऐतिहासिक देव मेला आज रविवार से वन विभाग मैदान में श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक गरिमा के साथ प्रारंभ होने जा रहा है। बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं का प्रतीक यह देव मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी धार्मिक उत्साह, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा।

यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही लोक मान्यताओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। बस्तर अंचल में मेलों की परंपरा सदियों पुरानी रही है, जहां लोग आस्था के साथ-साथ आपसी मेल-जोल, भाईचारे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सुदृढ़ करते हैं। भानुप्रतापपुर का देव मेला इसी गौरवशाली परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। मेले में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ लोक नृत्य, लोक संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। ग्रामीण उत्पादों, हस्तशिल्प सामग्री और पारंपरिक वस्तुओं की दुकानों से स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। बच्चों और युवाओं के लिए झूले, खेल एवं मनोरंजन की विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे मेला परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

प्रशासन एवं नगर पंचायत द्वारा मेले के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि देव मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान और आस्था का जीवंत उत्सव है। यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और सामाजिक एकता का संदेश देता है।

## जनपद सभापति ने लोहत्तर में लगाई चौपाल व सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभापति ने ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई में शनिवार को जन चौपाल लगाया, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों की जनसुनवाई करते हुए विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सुलझाने का आश्वासन दिये।

- कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया कार्यक्रम

सभापति विकास राजु नायक ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्या हमारी प्राथमिकता है और सरकार का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। यह अभियान केवल समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। ग्रामीण अंचल के लोग सरकार युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए भी निरंतर प्रोत्साहित कर रही है, जिससे प्रदेश का युवा आत्मनिर्भर बन सके और राज्य के समग्र विकास में भागीदार बन सके, किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आय में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय की भावना को सुदृढ़ करने वाला है। राज्य की जनता के हित में लिया गया दूरदर्शी एवं साहसिक निर्णय बताया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर कुल 27 आवेदन जमा किये जिसमे सर्वाधिक उज्जवला गैस कनेक्शन 14, बिजली विभाग 1, पुल निर्माण 3, आहता निर्माण 1 , पेयजल 1 , राशन कार्ड के लिए 5, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया।

## कड़ी सुरक्षा में हो रही हैं बोर्ड की परीक्षाएं, केंद्रों में माहौल चौकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी उत्साह और कड़ी निगरानी के बीच शुरू हो गई हैं। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और छात्रों को बेहतर माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हरनगढ़ में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं: कुल 73 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है एवं कक्षा 10वीं में कुल 88 परीक्षार्थी अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अन्य सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में भी बोर्ड परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला शिक्षा विभाग एवं सामान्य प्रशासन स्तर पर उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय-समय पर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकना। परीक्षा केंद्रों के आसपास शोर-शराबे पर नियंत्रण ताकि बच्चे एकाग्र होकर लिख सकें।

## भाजपा ने सीएम के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटे

**भानुप्रतापपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में मरीजों के बीच फल वितरण कर सेवा भाव के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के सभी वार्डों में पहुंचकर मरीजों से आत्मीय मुलाकात कि और उनका हालचाल जाना तथा उपचार से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी के बारे में जानकारी ली। मरीजों एवं उनके परिजनों ने बताया कि पहले की तुलना में अब स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जच्चा-बच्चा की देखभाल सुरक्षित तरीके से हो रही है तथा नर्सिंग स्टाफ समय-समय पर आकर जांच करता है, जिससे उन्हें काफी राहत मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को लेकर कुछ आवश्यक सुधार के सुझाव भी दिए गए, जिनके त्वरित समाधान के लिए उपस्थित डॉक्टर अखिलेश ध्रुव एवं स्वास्थ्य स्टाफ को निर्देशित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों



को फल वितरित करते हुए बताया कि 21 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री का जन्मदिवस है, जिसे सेवा कार्यों के माध्यम से मनाने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी सहित हेमप्रकाश शिवहरे, रमेश तिवारी, रामस्वरूप चौहान, रत्नेश सिंह, जुगल किशोर, सरिता जोशी शर्मा, मनोज रावटे, राकेश देवांगन, शकुंतला उके, संगीता टांडिया, शकुंतला यादव, सरिता देवांगन, राजेश्वरी कचलाम सहित अन्य कार्यकर्ता तथा समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहें।

## दुर्गूकोंदल के नव-निर्मित शैक्षणिक भवनों का पटेल ने किया निरीक्षण




**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल में नव-निर्मित एवं निर्माणाधीन शैक्षणिक भवनों का निरीक्षण किया गया। जिला परियोजना समन्वयक डीएमसी नवनीत पटेल ने दुर्गुकोंदल पहुंचकर 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवन का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए प्रत्येक कक्ष, क्लासरूम, कंप्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला एवं छात्रावास के कमरों का निरीक्षण किया। भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और आगामी शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2026 से विद्यालय प्रारंभ करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। डीएमसी ने निर्माण एजेंसी को शेष कार्य साफ-सफाई, बाउंड्री वॉल निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इसके अतिरिक्त विकासखंड में एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की तैयारी भी प्रारंभ हो चुकी है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय, छात्रावास, प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना है। संभावना है कि अप्रैल 2026 से यह पहल गति पकड़ लेगी। जिला प्रशासन के सतत मार्गदर्शन में दुर्गुकोंदल में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बल दिया जा रहा है।

आने वाले समय में यह क्षेत्र शिक्षा के केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## 33 वीं वाहिनी ने जरूरतमंदों को कंबल और घरेलू सामाग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 33वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय गरीब एवं असहाय नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल करना रहा।



क्षेत्र के निवासियों को खेती के उन्नत बीज, कृषि उपकरण, खेल सामग्री, दैनिक उपयोग के घरेलु बर्तन, पानी की टंकी, सोलर लाइट तथा कंबल आदि का वितरण किया गया। कृषि बीजों से किसानों को बेहतर उत्पादन में सहायता मिलेगी, खेल सामग्री से युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, वहीं सोलर लाइट एवं पानी की टंकी जैसी सुविधाओं से ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कंबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री से जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान की गई तथा वहा उपस्थित सभी के लिए खाने की समुचित व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम में 33वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रियव्रत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप निदेशक पशु चिकित्सा डॉ. सत्यम मित्रा व राज्य सरकार के अन्य विभाग के अधिकारी, वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के सरपंचगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कमांडेंट महोदय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना है। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को अपनाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन क्षेत्र के समग्र विकास, शांति एवं प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## जिपं अध्यक्ष ने पांच करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत राउरवाही के महेंद्रपुर से गुलालबोड़ी मार्ग 5 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया सहित कुल 559.86 लाख लागत की भूमिपूजन किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुदृढ़ सड़क नेटवर्क के विजन का हिस्सा है। उनके नेतृत्व में हर गांव का विकास किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें अच्छी सड़कों के माध्यम से शहरों से जोड़ा जा रहा है। सड़क बनने से लोगों का आना-जाना आसान होगा और किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों तथा आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। अच्छी सड़क होने से किसान अपनी फसल आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे, खर्च कम होगा और समय की बचत होगी। साथ ही बच्चों को स्कूल-कॉलेज जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी सुविधा मिलेगी।

इससे पूरे क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। यह पहल ग्रामीण अंचलों में कनेक्टिविटी और विकास को गति देने के लिए की गई है, जिसका लक्ष्य स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को सुगम बनाना है, हमने जो आज ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए भूमिपूजन किया, जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हैं। इससे बेहतर सड़क नेटवर्क से सुगम आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## निशा रानी को पीएचडी की उपाधि



**जगदलपुर।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा निशा रानी भोई को कम्प्युटर एप्लीकेशन विषय के अंतर्गत उनके शोध रोगी के व्यवहार विश्लेषण के लिये डेटा माइनिंग तकनीकों का उपयोग करके एक स्वास्थ्य देखभाल निदान प्रणाली विकसित करें, विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

## यूजर चार्ज के नाम पर वसूली बंद हो



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि फुटपाथ के फुटकर व्यापारियों से यूज़र चार्ज के नाम पर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है जिस संबंध में किसी प्रकार का कोई सकारात्मक जवाब ना महापौर परिषद ना निगम प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा है जबकि नियम है कि कोई भी कर लागू करने से पूर्व राज्य सरकार के निर्देशानुसार महापौर परिषद और सामान्य सभा से पारित करके किया जाता है जो यूज़र चार्ज वार्षिक लिया जाता था अब सनातनी महापौर बनने के बाद निगम प्रशासन के द्वारा मासिक वसूली की जाने की बात वसूली करने वाले कर्मचारी द्वारा बताई जा रही है। महापौर को यह वसूली जायज लगती है क्योंकि वह स्वयं शहर की जनता को आर्थिक चोट देते आ रहे हैं जैसे 300 का पानी टैंकर 500 हो गया 500 वाला पानी टैंकर 1000 हो गया सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों में निशुल्क दिए जाने वाला टैंकर का 500 लगेगा यदि स्टोरेज करेंगे तो 300 लगेगा।

**निधन**

## विनय श्रीवास्तव



**जगदलपुर।** सदर वार्ड निवासी विनय श्रीवास्तव (51) का शनिवार शाम निधन हो गया। 3 दिन पहले उन्हें ब्रेनहेमरेज होने से रायपुर के निजी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कर उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। वे नगर निगम में राजस्व अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से निगम परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। महापौर संजय पांडे और राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने विनय को कर्मठ कर्मचारी बताया। उनके असमय चले जाने से निगम परिवार को काफी क्षति पहुंची है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में होगा।

# अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब जबलपुर रेलवे के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर के मिनी स्टेडियम में ऐतिहासिक तीन दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का 20 फरवरी को भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में जबलपुर रेलवे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इनकम टैक्स पुणे को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में देश के आठ राज्यों की टीमों सहित संभाग एवं जिले की टीमों ने भाग लिया। लगभग 160 खिलाड़ी एवं 40 ऑफिशल इस आयोजन का हिस्सा बने। जिससे प्रतियोगिता का स्तर राष्ट्रीय रहा। प्रथम स्थान पर जबलपुर रेलवे को पुरस्कार राशि 1 लाख रूपए, द्वितीय इनकम टैक्स पुणे 51 हजार, तृतीय छत्तीसगढ़ पुलिस 21 हजार चतुर्थ, तमिलनाडु वॉलीबॉल टीम 11 हजार प्रदान किया गया।

मैच के बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिराज जबलपुर रेलवे, बेस्ट ब्लॉकर टी. चंद्रशेखर छत्तीसगढ़ पुलिस, बेस्ट सेट्टर ऋतुराज जबलपुर रेलवे, बेस्ट अटैकर संकेत इनकम टैक्स पुणे रहे। समापन समारोह में अनेक जनप्रतिनिधि




एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माडवी, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजुर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जनपद सदस्य धनेश्वरी बाकडे, समस्त पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर में कलेक्टर संबित मिश्रा, वन मंडलाधिकारी आर.के. जांगड़े, जिला सीईओ नम्रता चौबे, सीआरपीएफ कमांडेंट, एसडीएम जागेश्वर कौशल खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का परिचय दिया। दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने फाइनल मुकाबले को और भी रोमांचक बना दिया। यह प्रतियोगिता क्षेत्र में व्हॉलीबॉल के बढ़ते स्तर और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# मड़कामी मासा को याद कर भूमकाल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के द्वारा संभाग स्तर पर 10 फरवरी से 1910 ई भूमकाल विद्रोह में शहीद हुए बस्तर संभाग के वीर शहीदों के याद में भूमकाल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

1910 ई भूमकाल महानायक क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर के नेतृत्व में बस्तर रियासत के मूल निवासी अपने हक के लिए अंग्रेजी हुकूमत से तंग आकर संघर्ष करते हुए प्राणों की आहुति

- **अंग्रेजी हुकूमत से तंग आकर संघर्ष करते हुए प्राणों की आहुति दी**

दिए वीरों की बलिदान के याद में प्रत्येक साल फरवरी के महीने में भूमकाल सप्ताह मनाया जाता है। इस तारतम्य में सर्व समाज बस्तर संभाग के द्वारा 4 फरवरी से गीदम के हिरानार से भूमकाल दिवस मनाना प्रारंभ होकर 22 फरवरी को वीर गुंडाधुर के जन्म स्थान






नेतानार में समापन की किया जाएगा। भूमकाल विद्रोह में प्राणों की आहुति दिए वीर बलिदानियों के जन्म भूमि स्थान में जाकर वीरों के स्मृति पर सेवा अर्जी और पुष्प अर्पित कर 116वीं भूमकाल दिवस मनाया जा रहा हैं।

21 फरवरी को 1910 ई भूमकाल के वीर क्रांतिकारी गुंडाधुर के सहयोगी वीर मड़कामी मासा के जन्म स्थान केलाउर में स्थित वीर मड़कामी मासा के स्मृति पर सेवा अर्जी कर भूमकाल दिवस मनाया गया, केलाउर में आयोजित मड़कामी मासा स्मृति दिवस में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। मड़कामी मासा स्मृति केलाउर में सेवा अर्जी और पुष्प अर्पित कर वीर बलिदानियों को याद किया गया, वीर मड़कामी मासा भूमकाल स्मृति दिवस के कार्यक्रम केलाउर में बड़ी संख्या में समाज प्रमुख और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने भाग लिया। वीर मड़कामी मासा स्मृति दिवस कार्यक्रम के आयोजन में केलाउर पहुंचे समाज प्रमुखों ने ग्रामीणों को संबोधित कर बस्तर के वीर शहीदों के जीवनी को और उनके संघर्ष को बताया।

साथ ही 1910 के भूमकाल विद्रोह में शहीद वीर मड़कामी मासा भूमकाल स्मृति दिवस पर उपस्थित ग्रामीणों को समाज प्रमुखों के द्वारा जल जंगल जमीन के महत्व के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सर्व समाज के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# गांव की पगडंडियों पर चलकर ग्रामीणों के पास पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रशासन गांव की ओर अभियान ने दूरस्थ और खनन प्रभावित क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस विशेष पहल के अंतर्गत जिला स्तर के 40 अधिकारियों को विकासखंड दंतेवाड़ा एवं कुआकोण्डा के 40 चयनित ग्रामों में भेजा गया, जहां उन्होंने गांव-गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

इस चौपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शासकीय योजनाओं का लाभ, प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और किसान सम्मान निधि जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन और शिकायत को गंभीरता से दर्ज किया। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि जटिल प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ जिला स्तर पर निराकरण हेतु अग्रेषित किया गया। गांव की पगडंडियों पर चलकर ग्रामीणों के पास पहुँचा प्रशासन इस अभियान की



सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि अधिकारी स्वयं दुर्गम रास्तों से होते हुए गांवों तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर हालात का अवलोकन किया। खनन प्रभावित क्षेत्रों के 40 ग्रामों में जिला स्तरीय अधिकारियों ने की जनसुनवाई इस पहल ने उन क्षेत्रों में विशेष प्रभाव डाला, जहां लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अपेक्षाएं बनी हुई थीं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य केवल औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत को समझकर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ प्रत्येक समस्या का ठोस समाधान सुनिश्चित करें।

# मलेरिया मुक्त ग्राम की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग तथा शिखर युवा मंच बीजापुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पालनार में संचालित विशेष मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तृतीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। यह

- **पालनार में 261 हितग्राहियों को मच्छरदानियां दी गई**

अभियान उन ग्रामों में विशेष रूप से चलाया जा रहा है, जहां पूर्व में मलेरिया के अधिक प्रकरण दर्ज किए गए थे।

अभियान के अंतर्गत कुल 47 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किए गए, जिनमें 2 मरीज पॉजिटिव पाए गए। दोनों मरीजों को तत्काल निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई तथा नियमित फॉलोअप की व्यवस्था



सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त 261 हितग्राहियों को मच्छरदानियां एवं जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गवेल एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने ग्रामीणों को मलेरिया के प्रमुख लक्षण लगातार बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द एवं कमजोरी की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही समय पर जांच कराने, चिकित्सकीय परामर्श अनुसार पूर्ण दवा सेवन करने तथा नियमित रूप से मच्छरदानी उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक मुकेश मानिकपुरी ने बताया कि संतोषपुर, गोरना, भोगामुड़ा, कचलारम एवं पालनार जैसे ग्रामों में पूर्व में मलेरिया के अधिक मामले सामने आए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापक नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि समय रहते रोग की पहचान और समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। जल जमाव वाले स्थानों की पहचान कर उनकी सफाई की गई तथा लार्वीसाइड एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने का प्रयास किया गया। ग्राम सरपंच मालती ताती ने ग्रामीणों से अपील की कि सभी लोग नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें, घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा बुखार होने पर तत्काल जांच कराएं। कार्यक्रम में 300 से अधिक ग्रामीणों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति बढ़ती सजगता को दर्शाती है। यह विशेष अभियान न केवल मलेरिया नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुरक्षित ग्राम निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# विधायक निवास में पूर्व मंत्री कवासी लखमा पहुंचे, लखेश्वर से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कोंटा विधायक कवासी लखमा का बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के जगदलपुर स्थित निवास स्थान पर आगमन हुआ। उनके आगमन पर विधायक की धर्मपत्नी एवं सुपुत्र सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों, क्षेत्रीय विकास कार्यों तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच बस्तर अंचल के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। कार्यकर्ताओं में भी इस अवसर पर विशेष उत्साह देखने को मिला उपस्थित जनों ने क्षेत्र की प्रगति एवं जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए आपसी समन्वय और सहयोग के साथ आगे भी निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



# निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। चार माह तक चले इस विशेष अभियान के उपरांत 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 1,72,864 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद 4,295 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। प्रारंभ में 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 1,95,012 थी, जो 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप प्रकाशन के समय 1,68,569 रही। दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के पश्चात अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1,72,864 हो गई।

इस अभियान के अंतर्गत 273 बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए तथा 1,60,875 मतदाताओं के विवरण का मिलान और अभिलेखीकरण कार्य पूर्ण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की गई। नागरिकों से प्राप्त नवीनतम छायाचित्र भी अंतिम मतदाता सूची में अद्यतन किए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ था। दावे एवं आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के मध्य प्राप्त की गईं, जिनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया गया। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के नागरिकों, राजनीतिक दलों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

रिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2026 के आधार पर जिला बीजापुर में निर्वाचक नामावलियो का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संपन्न किया गया। लगातार चार महीने तक चले निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित की गई जिसमें कुल 155180 मतदाता पंजीकृत है। मतदाता सूची का प्रारूप ड्राप्ट प्रकाशन के बाद 2107 मतदाताओं की वृद्धि हुई। शुद्धवृद्धि 1.38 प्रतिशत है।

विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान मतदान केन्द्रों के 283 बीएलओ ने घर-घर जाकर



गणना पत्रक वितरित किए और मतदताओ का मिलान कर मैपिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में प्रकाशित की गई। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान शुरू किया गया है।

## शिक्षा विभाग का नया राजपत्र एलबी संवर्ग पर कुठाराघात



**बीजापुर।** छग शासन स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी नया राजपत्र 13 फरवरी 2026 शिक्षक एलबी संवर्ग पर कुठाराघात है। छग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर के जिला अध्यक्ष प्रहलाद जैन व जिला सचिव एवं संभागीय प्रवक्ता कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि शीघ्र ही इस संबंध मे प्रदेश स्तरीय बैठक कर इसका विरोध किया जावेगा। पदोन्नती मे एलबी संवर्ग को संख्या के अनुपात मे पद दिये जाने चाहिये थे जो कि नही हुआ है जबकि एल बी संवर्ग शिक्षक राज्य का सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन है। वर्षों की सेवा को नजर अंदाज किया गया है।राजपत्र जारी करने से पहले पदाधिकारियों की राय तक नही ली गई गुपचुप तरीके से राजपत्र जारी किया गया है।व्यायाम शिक्षक वा ग्रंथपाल के पद खत्म कर दिये गये। एबीओ पदोन्नति कोटे को 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत किया गया है। शिक्षा विभाग के पदों को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दिया गया है।

# कलेक्टर ने बस्तर आर्ट गैलरी कलागुड़ी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को जिले के सांस्कृतिक गतिविधियों और शहरी विकास को गति देने के लिए निरीक्षण किया। इसी कड़ी में उन्होंने दलपत सागर के समीप स्थित कलागुड़ी (आर्ट गैलरी) का दौरा किया और ऐतिहासिक दलपत सागर के सौंदर्यीकरण सहित बुनियादी ढांचे में आवश्यक सुधार को लेकर नगर पालिक निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने ग्रीष्मकालीन जलापूर्ति के मद्देनजर इंटेकवेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आसना स्थित बादल अकादमी की नई शाखा कलागुड़ी केंद्र में संचालित करने के तहत म्यूजिक



हाल, रिकॉर्डिंग रूम, डांस हाल, साउंड सिस्टम, थ्रीडी पेंटिंग, पृथक से शौचालय की व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा किया। उन्होंने नवीन निर्माण के लिए शीघ्र पहल किए जाने कहा। कलेक्टर ने आर्ट गैलरी के निरीक्षण के दौरान एक्सिविजन हाल को रिपेयर करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि बस्तर की पारंपरिक लोक कला, नृत्य और साहित्य को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्थापित बादल अकादमी की स्थापना की गई है इसे संगीत महाविद्यालय से जोड़ने के बाद इसके विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर ने अकादमी की एक शाखा के सुचारू संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया, ताकि स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच मिल सके। कलेक्टर आकाश छिकारा ने ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर के सौंदर्यीकरण सहित सरोवर के किनारे सड़क विकास और पर्यटन एवं शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नगर पालिक निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान दलपत सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में सड़क विकास और सुदृढ़ीकरण की योजनाओं, आर्ट गैलरी से धरमपुरा रोड मंदिर तक सीसी सड़क, पेवर ब्लॉक पाथवे, रिटेनिंग वॉल, रानीघाट के पास चौपाटी, नगर के गंदे पानी के ड्रेनेज व्यवस्था, धरमपुरा रोड से बारिश का पानी निकासी की समुचित व्यवस्था संबंधी कार्य को शीघ्र शुरू करने कहा। वहीं अमृत मिशन योजना के तहत मार्च माह तक जलापूर्ति आरंभ करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# घोठा में एक परिवार की हुई घर-वापसी, जनजागरण अभियान का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोठा में एक परिवार के तीन वयस्क सदस्यों सहित दो बच्चों ने ईसाई धर्म छोड़कर अपने मूल धर्म में वापसी की। ग्राम परंपराओं के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना कर कुल पांच सदस्यों को पुनः सामाजिक एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सम्मिलित किया गया।

संबंधित परिवार कुछ वर्ष पूर्व गांव की पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था, देवी-देवताओं एवं पूजा पद्धति से अलग होकर ईसाई धर्म में शामिल हो गया था। हाल ही में परिवार ने पूर्वजों की परंपरा, ग्राम देवी-देवताओं एवं सांस्कृतिक आस्थाओं को पुनः स्वीकार करते हुए मूल धर्म में लौटने का निर्णय लिया। इस अवसर पर ग्राम के गायता, पटेल, समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने परिवार का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सीतला माता एवं ग्राम देवता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा सामाजिक रीति के अनुसार पुनः सम्मिलन की प्रक्रिया पूरी की गई।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान ग्राम गायता अर्जुन कोमरा, ग्राम पटेल सामसाय कोमरा, राजेंद्र ध्रुवा, नागसाय तुलावी, लखन लाल दर्रो, जागेश्वर टेकाम, शोपसिंह कोयला, पूर्व सरपंच राम प्रसाद कौडो, नागेश कोमरा, गीते लाल पटेल, कोमरा, सावन कोमरा, अमेरिका पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तीन वयस्क व दो बच्चों ने ईसाई धर्म छोड़ मूल आस्था अपनाई



#### क्षेत्र में चलाया जा रहा जनजागरण अभियान

जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के उद्देश्य से क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर कानूनी स्तर तक पहल की गई थी और न्यायालयों में भी पक्ष रखा गया। स्पष्ट किया कि निजी आस्था और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है, किन्तु यदि किसी प्रकार का बल, प्रलोभन या कपट सामने आता है तो उसका विरोध संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत किया जाएगा। जो लोग स्वेच्छा से अपनी पारंपरिक आस्था में लौटना चाहते हैं, उन्हें सामाजिक परंपराओं के अनुरूप पुनः सम्मिलित किया जाता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



**दुर्गूकोंदल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो, महामंत्री रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, जनपद सदस्य राजु नायक, कृष्णा नागवंशी, लोकेश नरेटी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे, डॉ. अलका मरकाम, रमेश सलाम, मनोज उसेंडी, नर्सों नरेटी, मिलता देहारी एवं अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 24 मार्च को



**चारामा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा चारामा में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी रहेंगे। इस संबंध में पेंशनर तहसीलशाखा के प्रतिनिधि मंडल के कार्यक्रम के लिए समय मांगा गया, जिसमें विधायक ने सहमति देकर स्वीकार किया। संघ के अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर एवं सचिव एसआर नागराज उपस्थित रहे।

### पारिवारिक हिंसा में पिता से मारपीट, पुत्र पर मामला दर्ज

**कांकेर।** नारायणपुर जिले के बसंत नगर गांव में पारिवारिक विवाद का मामला हिंसा में बदल गया। पिता ने



अपने ही बेटे पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने घटना की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिला के बसंत नगर निवासी संतोष कुमार मंडावी ने पुलिस को बताया कि 20 फरवरी कि रात भोजन के बाद अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान पुत्र सुरेन्द्र मंडावी घर पहुंचा। पिता द्वारा बेटे को देर रात घर आने, गलत संगति और नशे की आदत को लेकर समझाइश देने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सुरेन्द्र मंडावी ने गाली-गलौज करते हुए पिता को जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट की। बताया गया कि आरोपी ने टंगिया की बट से हमला किया तथा ईंट फेंककर सिर पर चोट पहुंचाई, जिससे पीड़ित को सिर और बाएं हाथ की बांह में चोटें आईं। घटना के दौरान ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराया। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## नकल-रहित परीक्षा संचालन के दिए निर्देश

# परीक्षा केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



जिले के दो परीक्षा केन्द्रों-शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर तथा शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने औचक निरीक्षण किया। इन परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 10वीं के हिंदी विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 178 परीक्षार्थियों में से 176 विद्यार्थी उपस्थित एवं 2 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। विद्यार्थियों के अनुपस्थिति के संबंध में पूछताछ करने पर एक विद्यार्थी का दुर्घटना होने तथा दूसरा विद्यार्थी का ओपन परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण अनुपस्थित होना बताया गया। शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान 215 परीक्षार्थियों में से लगभग 213 विद्यार्थी उपस्थित तथा 02 अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर द्वारा अनुपस्थिति का कारण पूछने पर अनुपस्थित विद्यार्थियों के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी दी गई, जिस पर कलेक्टर ने पालकों से भी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ने परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण की जानकारी लेते हुए नकल रहित परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, सुरक्षा गार्ड, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी भी ली और समुचित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल उपस्थित रहे।

### परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ स्थित परीक्षा केंद्र में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 की शुरुआत उत्साह और सकारात्मक वातावरण में हुई। परीक्षा के प्रथम दिवस पर केंद्र प्रभारी सत्येंद्र साहू एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। शिक्षकगण ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। इस प्रकार परीक्षा केंद्र आमागढ़ में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 का शुभारंभ हुआ।



# कानागांव में गांजा के 51 पेड़ व 35 किलो गांजा जब्त व आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कानागांव में गांजा तस्कर से 34.42 किलोग्राम गांजा जप्त करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी से उस नेटवर्क के बारे में भी पूछताछ किया गया, जिसने गांजा बेचने के लिए उपलब्ध करवाया था। इसके अलावा किसके संरक्षण में घर बाड़ी में गांजा की खेती कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- गांजा तस्कर से नेटवर्क की पतासाजी की और भेजा जेल

जानकारी के अनुसार ग्राम कानागांव निवासी सुकालूराम उईके अपने कब्जाधारी घर-बाड़ी में गांजा की खेती कर रहा है और सूखा गांजा बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश में था। जानकारी की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गवाहों और तौलकर्ता को साथ लेकर मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने संदिग्ध स्थान की घेराबंदी की और आरोपी को उसके घर-बाड़ी के पास पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखा 2.740 किलोग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा घर-बाड़ी में बड़ी संख्या में लगे गांजा पौधों को उखाड़कर जब्त किया गया। मौके से कुल 351 नग गांजा पौधे, जिनका वजन 31.680 किलोग्राम बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 34.42 किलोग्राम तथा अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 16 लाख 90 हजार रुपएं बताया गया है।

बरामद गांजा की पहचान परीक्षण के बाद इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कर विधिवत सीलबंद किया गया। आरोपी सुकालूराम उईके के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(1) ए एवं 20 (बी)(2) सी के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया। कार्यवाई में निरीक्षक रमेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देव मांझी, आरक्षक संतोषी निषाद, टोमन साहू, उमेश विश्वकर्मा, मस्सुराम दर्रो, डीएसएफ आरक्षक शामसाय उईके, शम्भू उसेंडी का अहम भूमिका रहा।

## होटल के पीछे शराब की बिक्री पर की कार्रवाई

**कांकेर।** चारामा थाना पुलिस ने 20 फरवरी की शाम पौने 6 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी आंवरी निवासी पुष्पलता सिंहा पति विजय सिंहा को गिरफ्तार किया। अवैध रूप से देशी शराब बेचने की जानकारी पुलिस को मुखबिर



से मिली। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत आंवरी में हॉटल के पीछे आरोपी के कब्जे से 12 नग देशी प्लेन शराब व नगद 160 रूपएं को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जिले में स्काउटिंग की नई कार्य योजनाओं के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कांकेर द्वारा स्काउटिंग गतिविधियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मासिक बैठक का आयोजन किया गया और कई निर्णय भी लिए गए।

आयोजित बैठक में जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा की उपस्थिति में स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को जिले में और बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों व मुद्दों पर चर्चा किया गया, जिसमें स्काउट गाइड के जिला संघ के लिए आबंटित भवन के जीर्णोद्धार के लिए कार्ययोजना व बजट संबंधी चर्चा, जिला प्रशासन के सहयोग से प्राप्त 300 नग स्काउट गाइड यूनिफॉर्म के लिए क्रय समिति का गठन, प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी की समीक्षा बैठक व प्रमाण पत्र वितरण संबंधी, 22 फरवरी चिंतन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन, राज्यपाल जांच परीक्षा के पूर्व कार्यशाला आयोजन करने संबंधी, ओ वाए एम एस पोर्टल में पंजीयन संबंधी, शिक्षकों के लिए बेसिक एवं एडवांस प्रशिक्षण संबंधी, स्काउट गाइड छात्र छात्रों के तृतीय सोपान शिविर के लिए स्थान चयन, प्राइवेट एवं सेजेस स्कूलों से अंशदान राशि संबंधी, आगामी दिनों में शिक्षको के लिए भानुप्रतापपुर अंतागढ़ में कार्यशाला आयोजन संबंधी मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।



जिला मुख्य आयुक्त ने कहा कि जिले में अब स्काउटिंग में सबसे बेहतरीन कार्य हो रहा है, जिसकी वजह से राज्य में कांकेर का एक अलग स्थान है। 19वी लखनऊ जंबूरी, एवं प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी दुघली बालोद में कांकेर जिले ने अपना दबदबा रखा, जिसकी वजह से हर इवेंट में कांकेर जिला सबसे आगे रहा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर, वरिष्ठ स्काउटर राजेंद्र आर्ची, ओमप्रकाश सेन, वजीद खान, प्रदीप कुलदीप, प्रद्युम्न श्रीवास, अभिमन्यु कुंवर, प्रदीप साहू अर्जुन कावड़े अन्य पदाधिकार स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म एवं हत्या डीएन टेस्ट से सिद्ध, युवक को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले के ग्राम मालगांव बड़ेपारा में वर्ष 2021 में हुए दुष्कर्म व हत्या के बहुचर्चित मामले में अदालत ने आरोपी गंगेश्वर मंडावी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2021 को दोपहर लगभग 12 बजे खेत के लाड़ी में आरोपी मालगांव निवासी 25 वर्षीय गंगेश्वर मंडावी उर्फ गंगू पिता नथलू राम मंडावी ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और लोहे की रॉड से सिर व चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट करने का भी प्रयास किया गया था। मामले की संपूर्ण विवेचना उप पुलिस अधीक्षक डीएस देहारी ने की। जांच के दौरान आरोपी का डीएनए परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजते हुए सभी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक दिलीप सिंह नरेटी ने आरोपी के लिए कठोरतम दंड की मांग की। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विभा पांडेय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद आरोपी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, 302 और 201 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने उसे आजीवन कारावास तथा 500 रुपएं अर्थदंड की सजा सुनाई।

# मोर मितान पुलिस अभियान के बीट प्रशिक्षण में जवानों को मिले टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

मोर मितान-कांकेर पुलिस अभियान के अंतर्गत पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास, सहयोग एवं सतत संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रक्षित केंद्र कांकेर में बीट आरक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिले में कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए कांकेर जिले के 154 ग्रामों में बीट पुलिसिंग प्रणाली लागू की गई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 140 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों को विभिन्न बीटों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक बीट प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण, आमजन से संवाद, संवेदनशील स्थलों की निगरानी एवं स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशिक्षण के दौरान बीट बुक संधारण के संबंध में



विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें निगरानी/गुंडा/संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी, किरायेदार एवं मकान मालिकों का विवरण, बाहरी मुसाफिर, कबाड़ी, शस्त्र लाइसेंस धारक, पेंशनधारक, शासकीय सेवक, एनजीओ, ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक, मड़ई-मेला, त्योहार, बाजार एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी संधारित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही प्रत्येक बीट प्रभारी को सरपंच, पटेल, कोटवार, जनप्रतिनिधियों, नवयुवकों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि बीट क्षेत्र में प्राप्त किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देकर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की जाए। प्रशिक्षण के अंत में बीट आरक्षकों को अपने निर्धारित क्षेत्र में सतर्क, सक्रिय एवं जिम्मेदार पुलिसकर्मी के रूप में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

## रोड़े का वार्षिक मेला आज

**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रीत ग्राम रोड़े का वार्षिक मेला आज 22 फरवरी रविवार को आयोजित है। रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ी लोक कला लकडी पार्टी मावली भाटा उड़ीसा आयोजित है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# आमागढ़ में धूमधाम से मनाया गया विश्व मातृभाषा दिवस



**दुर्गुकोंदल।** नई शिक्षा नीति 2020 की भावना को साकार करते हुए और मेरा विद्यालय, मेरी पहचान अभियान के तहत आज विकासखंड दुर्गुकोंदल के विद्यालय परिवार आमागढ़ में विश्व मातृभाषा दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन बच्चों को उनकी मातृभाषा से जोड़ने और उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शारिरिक गतिविधियों के तहत पंद्रह सेकंड की ताली, हृदय, किडनी, प्लीहा, फेफड़ा,उदर और पित्ताशय को स्वस्थ रखने की क्रिया कराया। उक्त कार्यक्रम रामनाथ गोटा, ममता रावटे, आत्मा राम तारमे और भुनेश उसेंडी की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर आयोजित चर्चा-परिचर्चा और गीत-कहानियों के माध्यम से मातृभाषा के महत्व को रेखांकित किया गया। रामनाथ गोटा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृभाषा ही हमारी पहचान है और इसके संरक्षण व विकास के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही बच्चों का उत्साह और उनकी निःसंकोच अभिव्यक्ति।



